# अवध की आवाज

www.avadhkaawaz.com — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित — www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–147 | R.N.I.- UPHIN/2012/45127 | लखनऊ | शनिवार 27 अगस्त 2021 | पृष्ठ – 8 | मूल्य–3 रूपया


## संक्षिप्त समाचार



उन्नाव। दिनांक 27.08.2021 को पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा पुलिस लाइन उन्नाव में परेड निरीक्षण उपरान्त नव निर्मित भवनों,सब्सडियरी कैन्टीन,भोजनालय तथा बैरिकों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की गोष्ठी में एसपी ने निरोध ात्मक कार्यवाही, महिला संबन्धि ात अपराधों, विवेचनाधीन एसआर अभियोगों, विवेचनाधीन अभियोगों की थानावार निस्तारण की स्थिति, चिन्हित भूमि विवादों में कृत कार्यवाही, आईजीआरएस सहित अपराध नियन्त्रण की समीक्षा की,,,

## गोमती नगर विस्तार में निर्मित अपार्टमेन्टों के आर0डब्ल्यू0ए0 को हस्तांतरित होगा कारपस फण्ड

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा शासन स्तर पर हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रथम चरण में गोमती नगर विस्तार रिवर व्यू के फेज़–1 और फेज़–2 में निर्मित अपार्टमेन्ट तथा ग्रीनवुड अपार्टमेन्ट के आर0डब्ल्यू0ए0 को कारपस फण्ड तथा अनुरक्षण शुल्क दिये जाने के निर्देश दिये गये। इस विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि कारपस फण्ड एवं अनुरक्षण शुल्क वापस किये जाने के लिए उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सचिव, वित्त नियंत्रक, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, सम्पत्ति अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारी की समिति गठित की गई थी। समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उपाध्यक्ष द्वारा आज कारपस फण्ड एवं अनुरक्षण शुल्क की अवशेष धनराशि में से 10 प्रतिशत धनराशि रोककर शेष धनराशि दिये जाने के आदेश पारित किए गए। 10 प्रतिशत रोकी गई धनराशि अन्य व्ययों में व्यय की गई धनराशि मिलान किए जाने के पश्चात वापस की जाएगी। वित्त नियंत्रक ने यह भी बताया कि आर0डब्ल्यू0ए0 को हस्तांतरित किये जाने वाली धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में होगी, जो कि प्राधिकरण द्वारा आर0डब्ल्यू0ए0 के साथ संयुक्त हस्ताक्षर से जारी होगी।

# लखनऊ के लखपति किसान ले रहे सरकारी राषन का लाभ, आधार नंबर से हुआ खुलासा

लखनऊ (वेब वार्ता)। लखनऊ में एक बड़े घपले का खुलासा हुआ है। यहां लखपति किसान कागजों में हेराफेरी कर सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। एनआईसी ने आधार नंबर के आधार पर इस पूरे मामले का खुलासा किया है। इस इस मामले के जांच के आदेश जारी हुए हैं। जिलाधिकारी को ऐसे किसानों की सूची भेज दी गई है। जो इन किसानों की पात्रता का सत्यापन करेंगे। अब ये अपात्र पाए गए तो इनका राशनकार्ड निरस्त होगा। आधार नंबर के जरिए ऐसे किसानों की जांच में पता चला है कि ये किसान बीते साल तीन से दस लाख रुपये की फसल बेच चुके हैं और अब ये किसान राशन कार्डो के जरिए सस्ता राशन का लाभ ले रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अब खेती से लाखों की कमाई करने वाले किसानों का सत्यापन कर अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त किए जाएंगे। बीते वर्ष सरकार को ही तीन लाख से अधिक का गेहूं–धान बेचने वाले प्रदेश के 63991 किसान सरकार के रडार पर हैं। अफसरों के मुताबिक एनआईसी के अनुसार 2020–21 में करीब 64 हजार किसानों ने तीन लाख से अधिक गेहूं–धान एमएसपी पर बेचा है। प्रथम दृष्टया ये सभी अपात्र हैं। खाद्य आयुक्त की ओर से जिलाधिकारियों को किसानों की सूची भेजी गई है। इनकी पात्रता का सत्यापन कर अपात्र पाए जाने का राशनकार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। राजधानी लखनऊ के 130 किसानों ने बीते वित्तीय वर्ष में तीन लाख से अधिक कीमत का गेहूं–धान बेचा है। इनमें इंद्र बहादुर सिंह ने 9.71 लाख, लालबाबू ने 9.61 लाख की फसल सरकारी केंद्रों पर बेचा। लखनऊ के डीएसओ सुनील कुमार सिंह बताते हैं कि सर्वाधिक लखपति किसान मोहनलालगंज ब्लॉक के हैं। सत्यापन कराया जा रहा है। अपात्र मिलने पर राशनकार्ड रद्द किए जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में पात्र राशनकार्ड धारक के चयन और निष्कासन के नियम तय हैं। ग्रामीण क्षेत्र में निष्कासन आधार (एक्सक्लूजन क्राइटेरिया) के तहत ऐसे परिवार जिनके पास पांच एकड़ से अधिक सिंचित जमीन या ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्यों की आय दो लाख सालाना से अधिक है तो उन्हें सस्ता राशन का लाभ नहीं मिल सकता है।

## तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना टीकाकरण का कार्यक्रम जारी

अवध की आवाज ब्यूरो

गोंडा। जैसा कि इस समय अभी भी खत्म नहीं हुआ है कि तीसरी लहर की आशंका को मद्देनजर रखते हुए ग्रामीण व शहरी



क्षेत्रों में कोरोना टीकाकरण प्रभावी रूप से कैंप लगाकर किया जा रहा है। इस प्रकार से स्वास्थ विभाग ने शत–प्रतिशत लोगों को टीकाकरण के लिए गांव–गांव में शिविर लगवा कर टीकाकरण कराया जा रहा हैं इसी क्रम में आज शुक्रवार को ग्राम पंचायत वीरेपुर के जूनियर हाई स्कूल में ग्राम प्रधान रघुराज वर्मा के नेतृत्व में टीकाकरण का किया गया आयोजन। 18 वर्ष से ऊपर महिला, पुरुषों को टीका लगाया गया । डॉक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि आज 200 लोगों को कोरोना टीका लगाया गया । ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय देते हुए स्कूल में पहुंचकर प्रसन्नता से टीका लगवाया । टीकाकरण कैंप के डॉक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना वैक्सीन सबसे उचित प्रभावी माध्यम है इसलिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को टीका लगाया जाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉक्टर आलोक गुप्ता ने बताया कि कोरोना वैक्सीन के बाद मास्क सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सकता है।

## 28 अगस्त को कार्यकर्ता परिचय वर्ग का आयोजन किया जाएगा– प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह

गोंडा। लखनऊ के जिला कार्यालय आशियाना चौराहा पर कार्यकर्ता परिचय वर्ग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि पंडित सुनील बराला अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश होंगे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि आगामी 28 अग्रस्त कार्यकर्ता परिचय वर्ग जोकि मन्नत लान निकट हज हाउस एयरपोर्ट के पास होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर यह बैठक की आहुति की गई है मुख्य रूप से इस बैठक का श्रेय हमारे राष्ट्रीय महासचिव माननीय सर्वेश पाठक जी को जाता है। इस बैठक का संचालन कर रहे श्री अजय पाण्डेय जिला अध्यक्ष लखनऊ महानगर के नेतृत्व में यह विशाल कार्यक्रम किया जाएगा श्री पांडेय जी ने बताया कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्म दिवस के अवसर पर 15 जुलाई को लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी रक्तदान किया था जिसमें कार्यकताओं व मीडिया बन्धुओं द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार से पता चला कि संपूर्ण भारत में 1 लाख 87 हजार कार्यकर्ताओं ने हमारे राष्ट्रीय महासचिव जी के जन्म दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारत मे विशाल संख्या में रक्तदान किया था हमारे संवाददाता श्री पाठक के सहायक निजी सचिव शिवम पांडे से बात करते हुए पता चला कि श्री पाठक समाज को सदैव कुछ देने का जज्बा ही व्यक्ति को महान बनाता है. भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित के मा. राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक जी के इसी संकल्प वाक्य को मानकर संगठन द्वारा हमारे अगुआ मा. राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक जी के कार्यकर्ता परिचय वर्ग दिनांक –28 अगस्त 2021 को सुनिश्चित हुई है जिसमें मुख्य रूप से पं. सुनील बराला अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के रूप मुख्य अतिथि बनाने का मनाने का निर्णय लिया है . जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन धुरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिव्य त्रिवेदी जी उपस्थित रहेंगे।

# अब आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चे करेंगे डिजिटल पढ़ाई

अवध की आवाज

लखनऊ (वेब वार्ता)। अब प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चे डिजिटल ढंग से पढ़ाई करेंगे। उनकी देखभाल भी सिस्टमेटिक डिजिटल ही होगी। पूरा डाटा फीड किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों की प्रगति रिपोर्ट के हिसाब से एक–एक बच्चे पर ध्यान दिया जाएगा। उस हिसाब से उसके स्वास्थ्य व शिक्षा पर जोर देकर उसको भारत का चमकता भविष्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसकी तैयारी प्रदेश सरकार ने कर ली है। इसके लिए महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग मंत्रालय ने लखनऊ व वाराणसी के तीन–तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को पायलट प्रोजक्ट के लिए हैसेलफ्रे फाउंडेशन को चयनित किया है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही यह योजना पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगी। यह आरम्भिक शिशु देखभाल एवं डिजिटल लर्निग



प्रोग्राम आंगनवाड़ी द्वारा कराए गए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए परिणामों को दर्शाएगा। उस हिसाब से बच्चों को प्रोत्साहित व अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शनिवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह इसकी शुरुआत लखनऊ से करेंगी। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दैनिक नित्य क्रिया के बारे में जागरूक एवं प्रोत्साहित करना, बच्चों को सुलभ खान–पान तथा साफ–सुथरा रहने हेतु प्रेरित करना, बच्चों का स्वस्थ परीक्षण संबंधी जानकारी लेना (जैसे– टीकाकरण, लम्बाई, वजन, याददाश्त, मानसिक और संवेदनात्मक विकास, दृष्टि इत्यादि) एवं उनके माता–पिता और सम्बंधित अधिकारियों को उपलध करना, बच्चों को डिजिटल माध्यम से हिंदी, इंग्लिश, गणित, विज्ञान, सामाजिक विषय और कंप्यूटर आदि की रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान करना है। हैसेलफ्रे फाउंडेशन एक पब्लिक चौरिटेबल ट्रस्ट है जो वर्ष 2011 से बच्चों के विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से भारत के कई राज्यों में काम कर रहा है, संस्था द्वारा विगत वर्षों में 19 राज्यों में लगभग 9100 स्कूलों में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित परियोजना को चलाया जा चुका है। इस परियोजना का उद्देश्य बच्चों को तकनीकी में हो रहे नवाचारों जैसे –आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ब्लॉक चेन आदि के बारे में उपयोगी जानकारी देना था। वर्तमान में संस्था को महिला कल्याण एवं बालविकास सेवा पुष्टाहार विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के 2 जिलों (वाराणसी तथा लखनऊ) के चयनित 3 –3 आंगनवाणी केन्द्रों में बच्चों के लिए बाल विकास (आरम्भिक शिशु देखभाल एवं डिजिटल लर्निग) परियोजना को पायलट के रूप चलाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। संस्था का लक्ष्य है कि यदि ग्रामीण व शहरी बच्चों को आरम्भिक काल से ही उनके स्वास्थ्य की समुचित देखभाल की जाए, उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाण तो उनका भविष्य उज्ज्वल व खुशहाल बनाया जा सकता है।

## एक सप्ताह में साढ़े सात लाख लोगों को लगा कोरोना का टीका

लखनऊ (वेब वार्ता)। वैश्विक महामारी कोविड–19 पर नियंत्रण पाने में यूपी ने एक बार फिर बाजी मारी है। यूपी में पिछले सात दिनों में करीब सात लाख 41 हजार 523 लोगों को कोविड वैक्सीन की खुराक दी गई है। प्रदेश में अब तक कोविड वैक्सीनेशन का आंकड़ा छह करोड़ 68 लाख 47 हजार के पार हो चुका है, इनमें से पांच करोड़ 62 लाख से अधिक नागरिकों ने कोविड से बचाव के लिए टीके की कम से कम एक खुराक प्राप्त कर ली है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टीकाकरण है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में एक्टिव केस शून्य हैं। अलीगढ़, बागपत, बांदा, बिजनौर, एटा, फरुर्खाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, कानपुर देहात, महोबा, मऊ, मुजफ्फनगर, रामपुर, संतकबीरनगर, शाहजहांपुर और उन्नाव में आज कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जिले आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। पिछले 24 घंटे में हुई टेस्टिंग में 61 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि मात्र 14 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। वर्तमान में प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 329 है। अब तक 07 करोड़ 15 लाख 21 हजार 631 कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है। सूत्रों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 02 लाख 32 हजार 28 कोविड सैम्पल की जांच की गई और 21 नए मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 27 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। अब तक 16 लाख 86 हजार 83 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना की रिकवरी दर 98.6 प्रतिशत है।

## कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस की बड़ी कार्यवाही ,चोरी हुई जेसीबी तथा दो अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा, थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से चोरी हुई जेसीबी को पुलिस ने बरामद कर लिया यह घटना 15–16 अगस्त की रात्रि की है घटना के 1 सप्ताह बाद 24 अगस्त को पीड़ित वेद प्रकाश सिंह ने दर्ज कराई सूचना मिलते ही पुलिस ने 48 घंटे के अंदर जेसीबी मशीन रजिस्ट्रेशन संख्या नंबर यूपी 43ज1900 बरामद किया । जैसा कि पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के भटूरा बख्तावर सिंह गांव निवासी की जेसीबी 15 16 की रात को चोरी हो गई थी इस घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को हुई तो उन्होंने तत्काल खुलासा करने का निर्देश दिया । इस दौरान मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने लखनऊ हाईवे के पास स्थित मस्त सो लिया चौराहे के पास से जेसीबी समेत जाकिर पुत्र समीर निवासी खजूरी थाना बदोसराय बाराबंकी और गुलजार पुत्र जाहिर पहुंचा कासिम पुर थाना करनैलगंज गोंडा से गिरफ्तार किया प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 1 तारीख के दौरान जाकिर के पास से एक देशी तमंचा और एक कारतूस भी बरामद किया गया। इस कार्यवाही को अंजाम देने अर्थात पर्दाफाश के लिए एसओजी टीम और स्थानीय पुलिस का बहुत बड़ा सहयोग रहा।

# ओ.टी.एस. के तहत प्राप्त आवेदनों को 10 दिन में करें निस्तारित–उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी

### अवैध निर्माण सील किया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में एकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) के तहत प्राप्त आवेदन 10 दिन में निस्तारित किये जाएगें। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने शुक्रवार



को ओ.टी.एस. प्रकरणों की समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किये। इसके अलावा उन्होंने विधि अनुभाग, ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट तथा अभियंत्रण कार्यों की भी समीक्षा बैठक की। जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिये। ओ.टी.एस. रिव्यू के दौरान उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि वे प्राधिकरण के कुल बकायेदार आवंटियों की सूची तैयार कर लें। फिर इसमें देखें कि इनमें से कितने बकायेदारों ने ओटीएस के तहत आवेदन किया है। जिन बकायेदारों ने ओटीएस के तहत आवेदन नहीं किया है, उन्हें नियमानुसार धनराशि जमा न करने के कारण संपत्ति के निरस्तीकरण की नोटिस भेज कर तत्पश्चात आगे कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने वित्त नियंत्रक से ओटीएस के स्वीकृत मामलों के सापेक्ष जमा हुई धनराशि का सम्पूर्ण ब्यौरा मांगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि ओ.टी.एस. के पुराने मामले ऑफलाइन फाइल हुए थे, जिस पर शासन द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। उन्होंने इन सभी मामलों को ऑनलाइन निस्तारित करने के निर्देश दिये। वहीं, उपाध्यक्ष द्वारा विधि अनुभाग की समीक्षा बैठक में आर्बिट्रेशन और कर्मचारियों के विधिक प्रशिक्षण के लिए अधिवक्ताओं का एक पैनल जल्द गठित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सॉफ्टवेयर में प्रारूपों को बढ़ाये जाने के कार्य में तेजी लाने और अवमानना वादों और एफ.आई.आर. से सम्बन्धित मामलों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को रेरा के सचिव से सम्पर्क स्थापित करके बैठक हेतु तारीख निर्धारित करने के निर्देश दिये। इसके बाद उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्टध्अभियंत्रण कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य अभियंता इंदु शेखर सिंह द्वारा बताया गया कि पंचशील अपार्टमेण्ट में एक टेण्डर हो गया है, जबकि दूसरा प्रक्रिया में है। यहां पार्क और बाथरूम के जो कार्य होने हैं, उनकी अनुमानित लागत दो करोड़ रूपये है। जिसके लिए उपाध्यक्ष द्वारा इन कार्यों के टेण्डर कराकर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये गये। इसके बाद उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से पारिजात अपार्टमेण्ट में शेष कार्यों का ब्यौरा मांगा। उन्होंने कहा कि इस अपार्टमेण्ट में फायर साफ्ट खुले हुए हैं, जिनसे कोई घटना घट सकती है। इसके लिए शार्ट टर्म टेण्डर कराकर इन्हें बन्द करा दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपार्टमेण्ट का पार्किंग प्लान तैयार करके लॉटरी के माध्यम से आवंटियों को आवंटित किया जाए। इन बैठकों में सचिव पवन कुमार गंगवार, मुख्य अभियंता इन्दु शेखर सिंह, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा लखनऊ शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रखने के निर्देशों का असर दिखने लगा है। प्राधिकरण के विहित प्राधिकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि प्रवर्तन, जोन–1 के अन्तर्गत किये गये अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को सील कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि रूप चन्द्र यादव व अन्य द्वारा जुग्गौर पुल के पास किसान पथ के किनारे, थाना–चिनहट, लखनऊ में लगभग 6000 स्क्वायर फुट भूमि पर अवैध रूप से गोदाम का निर्माण किया गया था। अवैध निर्माण किये जाने पर प्राधिकरण के विहित न्यायालय में वाद संख्या–318/2021 योजित किया गया था। स्थल पर स्वीकृत मानचित्र न दिखाए जाने पर दिनांक–17.07.2021 को परिसर को सील किये जाने के आदेश पारित किया गया। प्रवर्तन जोन–1 के अधिशासी अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक–27.08.2021 को उक्त आदेश का अनुपालन किये जाने हेतु प्राधिकरण व क्षेत्रीय पुलिस बल के सहायता से परिसर को सील किया गया।

## हिंदू हृदय सम्राट आदरणीय कल्याण सिंह के शोक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन

अवध की आवाज

सीतापुर। कैंप कार्यालय सीतापुर में राम भक्त हिंदू हृदय सम्राट आदरणीय कल्याण सिंह बाबु जी के शोक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया तथा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय दिलीप लोधी जी राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठकर विभाग उत्तर प्रदेश जी का रहना हुआ तथा श्री लोधी जी ने बाबूजी के जीवन परिचय के बारे में तथा उनकी कार्यशैली पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया नम आंखों से बाबूजी को याद किया गया तथा चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन धारण कराकर बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा इस कार्यक्रम में लेखराज लोधी जी जिलाध्यक्ष जगदीश लोधी शिव कुमार लोधी शिवा प्रधान पप्पू प्रधान प्रेमचंद प्रधान चेतराम प्रधान रामखेलावन प्रधान संतलाल लोधी जिला पंचायत सदस्य धनपाल लोधी हरेंद्र यादव तथा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहेस

# प्रीति गुप्ता बनी महामंत्री तो कल्पना को सौंपा गया मीडिया प्रभारी का पद

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी में हर वर्ग समाज की महिलाओं को स्थान दिया गया है। पदाधिकारियों से आशा की गई है कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत करेंगी। जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, तीन मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय मंत्री, एक मीडिया प्रभारी, एक सोशल मीडिया प्रभारी व सोलह कार्यसमिति सदस्य शामिल किए गए हैं। जिला महामंत्री के रूप में प्रीति गुप्ता व कांति पटेल को स्थान दिया गया है। वहीं सुमन वर्मा, मीनू मिश्रा, निशा महेश्वरी, मांडवी शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है जबकि कुसुम राठौर, रंजना दुबे, कविता निरंजन को मंत्री बना गया है। खुशबू अग्रवाल को कोषाध्यक्ष व अमृता सक्सेना को कार्यालय मंत्री एवं कल्पना गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। पूजा वर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी एवं प्रिया राववानी, दीपमाला वर्मा, रजनी वाल्मीकि, पूनम महतेले, कल्पना कनकने, ज्योति अग्रवाल, तबस्सुम बेगम, मधु सोनी, रंजना प्रजापति, प्रेमलता उपाध्याय, शांति गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सोनू सिखरदार, अलका गुप्ता, माधुरी भदौरिया, शकुंतला राजपूत को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने कहा कि सभी



लोग अपने अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करते हुए पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

# सम्पादकीय

## राशन तो मिल रहा था, वो फोटो से डर गया

सत्ता व 'सत्ता भक्तों' द्वारा एक आभासी धारणा का प्रचार किया जाता रहा है कि देश में गत 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के मात्र एक वर्ष बाद दक्षिण कोरिया में रह रहे अप्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम में यह कहा था कि, ष्पहले लोग भारतीय होने पर शर्म करते थे लेकिन अब आपको देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व होता है।' प्रधानमंत्री के 'राष्ट्रवाद से परिपूर्ण इस उदगार' की जमकर आलोचना हुई थी। कई लोगों ने ट्वीट कर अपना विरोध जताते हुए इस आशय के ट्वीट किये थे कि ष्मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो विदेशी धरती पर भारतीय होते हुए शर्म महसूस कर रहे हैं. जो भारतीय हैं उन्हें हमेशा भारतीय होने पर गर्व होता है। 2014 से लेकर अब तक देश बहुत कुछ बदल भी चुका है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, रिफाइंड तेल, सब्जियां आदि सभी जरूरी चीजें इतनी मंहगी हो गयी हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। रेल से लेकर हवाई अड्डे, बंदरगाह, सड़कें, ट्रांसपोर्ट, बी एस एन एल, वेयर हॉउस, विद्युत् उत्पादन केंद्र जैसे तमाम बड़े से बड़े सरकारी उपक्रमों को चंद सत्ता समर्थक उद्योगपतियों के हाथों में सौंपे जाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कहा जा सकता है कि जब यह व इस तरह के और अनेक उपक्रम सरकार व जनता के हाथों में थे उस समय प्रधानमंत्री के अनुसार 'पहले लोग भारतीय होने पर शर्म करते थे' परन्तु अब जब यह सब मुट्ठी भर निजी हाथों में सौंपे जा रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री के ही अनुसार 'अब आपको देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व होता है।' गर्व करने लायक और भी बहुत कुछ है। करोड़ों लोगों का इसी 'गर्व काल' में बेरोजगार हो जाना, रोजगार के नये अवसर मुहैय्या न होना, नोटबंदी व जी एस टी जैसी नीतियों का फेल होना, उसके पश्चात् प्रथम लॉकडाउन के दौरान पूरे देश में करोड़ों लोगों का हजारों कलोमीटर की पैदल यात्रा करना, इसी दौरान हजारों लोगों का रास्ते में मौत की आगोश में समा जाना, फिर कोरोना संकट में अस्पतालों से लेकर शमशान घाटों तक में मची ऐतिहासिक अफरा तफरी और फिर देश की विभिन्न नदियों के किनारे मृतकों की लाशों के तिरस्कार के वीभत्स दृश्य इनमें ऐसी कौन सी बात है जिसपर यह कहा जा सके कि–अब भारतवासियों को देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व हो रहा है?

परन्तु ऐसा नहीं है। अब भी गर्व करने वाले कर रहे हैं। कश्मीर से धारा 370 हटने पर गर्व, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर गर्व, मुसलमानों को दबा कर रखने व अपमानित करने की खुली छूट मिलने पर गर्व, मुस्लिम व मुगल कालीन तथा उर्दू शब्दों वाले तमाम शहरों, स्टेशन, व सड़कों आदि के नाम बदलने पर गर्व, देश में प्रधानमंत्री ने अपना निजी हाईटेक विमान इंडिया वन खरीद लिया, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत नया प्रधानमंत्री निवास व सचिवालय आदि बनने पर, दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा कांग्रेस नेता सरदार बल्लभ की लगाई गयी, बुलेट ट्रेन चलने जा रही हैकृ आदि यह सभी गौरवपूर्ण हैं। परन्तु इन सभी 'गौरव शाली' फैसलों व योजनाओं से आखिर आम भारतवासी के जीवन यापन, उसकी रोजमर्रा की जिन्दिगी पर क्या प्रभाव पड़ने वाला ? हाँ सरकार द्वारा भूख बेरोजगारी व मंहगाई तथा कोरोना दुष्प्रभावों से त्रस्त जनता को ऊंट के मुंह में जीरे सरीखी राहत पहुँचाने का जो निर्णय 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के रूप में लिया गया उसकी सराहना जरूर की जा सकती है। परन्तु यह योजना भी देशी विदेशी मीडिया में आलोचना के निशाने पर रही क्योंकि जैसे कोरोना टीका प्रमाणपत्र पर पर प्रधानमंत्री के व कुछ राज्यों के मुख्य मंत्रियों के चित्र छपे थे ठीक उसी तरह 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' में जो राशन वितरित किया गया उसपर भी प्रधानमंत्री का बड़ा चित्र छापा गया जबकि जिन राज्यों में यह थैले भेजे गये वहां के मुख्यमंत्रियों के चित्र भी प्रिंट किये गये।अफसोस तो यह कि देश के कई राज्यों से शिकायतें आईं कि इन थैलों में जो 'मुफ्त 'राशन वितरित किया गया वह बेहद घटिया और कहीं कहीं तो सड़ा हुआ और प्रयोग न कर सकने जैसा भी था।

गोया थैले में बंटने वाला राशन घटिया और राजनेताओं के चित्र से 'सुसज्जित' थैला बेहतर किस्म का। मकसद साफ प्रतीत होता है कि उपभोक्ता उस थैले को बाजार में खरीदारी करने के लिये बार बार ला सके ताकि 'करम फरमाँ राजनेताओं की सहृदयता' का मुफ्त में प्रचार हो सके। और साथ साथ उपभोक्ता की भी शिनाख्त हो सके कि यह वही थैला धारी है जिसने सरकार का मुफ्त राशन हासिल किया है। क्या अब भी 'आपको देश का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्व नहीं होता है।' अन्न महोत्सव के दौरान हरियाणा में कुछ लोगों ने इन सरकारी थैलों में आग लगा दी। कृषि बिल का विरोध करने वाले किसान राशन के थैलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की फोटो छपी देखकर भड़क गये थे। किसानों का कहना था कि उन्हें गरीबों के राशन वितरण में कोई आपत्ति नहीं है परन्तु मुफ्त राशन वितरण की आड़ में किसानों पर कुठाराघात करने वाली सरकार के प्रमुखों के चित्र किसी दशा में सहन नहीं किए जाएंगे। इसलिए वितरित हो रहा राशन इन फोटो वाले थैलों में ना दिया जाए । किसानों ने डिपू पर लगे प्रधानमंत्री मोदी के पोस्टर भी हटवा दिए । जरा सोचिये जश्न के रूप में देश की जनता के पैसों का राशन गरीबों को उत्सव के रूप में वितरित करना और जनता के पैसों से ही करोड़ों रूपये के थैलों पर नेताओं के चित्र छपवाना यह सब उपलब्धियां निश्चित रूप से 70 सालों में नहीं देखी गयी थीं शायद तभी प्रधानमंत्री के अनुसार 'पहले लोग भारतीय होने पर शर्म करते थे' और अब वे जब और जहाँ भी यह राशन बैग लेकर जाएंगे वहां उनकी पहचान एक 'गर्व' करने वाले स्वाभिमानी, आत्म सम्मान वाले खुद्दार भारतवासी के रूप में होगी। इसमें कोई शक नहीं कि हमारा देश स्वाभिमानियों का देश है। यहां घटिया किस्म के राशन के साथ थैला रुपी प्रचार सामग्री थमाना राशन बांटते समय उनके चित्र लेना, उनके साथ नेताओं का सेल्फी उतारना तथा वीडीओ आदि बनाना उन स्वाभिमानी गरीब देशवासियों की तौहीन है। शायद इन्हीं गरीब परन्तु खुद्दार भारतवासियों के लिये शायर ने कहा है कि –

खुद्दार मेरे शहर में फाके से मर गया।
राशन तो मिल रहा था, वो फोटो से डर गया।।
खाना थमा रहे थे उसे, सेल्फी के साथ साथ।
मरना था जिसको भूख से, गैरत से मर गया ।।

# समाजवादी पार्टी महिला सभा कानपुर महानगर की कार्यकारिणी घोषित की गई

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय कानपुर महानगर में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी महिला सभा कानपुर महानगर की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें महिला सभा की 31 सदस्य महिला सभा की नगर कमेटी की विधिवत घोषणा में नीतू खुराना महासचिव फोजिया उस्मानी कोषाध्यक्ष रीना शर्मा किरण यादव सरला शुक्ला अंजू सिंह शमीमा खान सहित 6 उपाध्यक्ष रजनी यादव रोशनी कनौजिया अर्चना अवस्थी रीता वर्मा रजनी सोनकर योगी भारती रामा बाघमार पूनम गौतम सहित 9 नगर सचिव सहित 14 सदस्य मनोनीत किए गए हैं।कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यक्ष फरहान लारी ने किया। इसके पश्चात अपना पूरा जीवन समाजवादी पार्टी को समर्पित कर देने वाले वरिष्ठ समाजवादी एवं कानपुर महानगर की वरिष्ठ समाजवादी नेत्रियों का सम्मान किया जिसमे सपा नगर अध्यक्ष डॉक्टर इमरान विधायक हाजी इरफान सोलंकी अमिताभ बाजपेई उपाध्यक्ष अजय यादव अज्जू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी सरताज अनवर नीलम रोमिला सिंह आयशा बेगम जमालुद्दीन जुनैदी अनीशा बाजी आदि को माला पहनाकर मोमेंटो गिफ्ट हैंपर शाल ओढ़ाकर अभिनंदन व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सपा नगर अध्यक्ष डॉक्टर इमरान महिला सभा अध्यक्ष नूरी शौकत विधायक हाजी इरफान सोलंकी अमिताभ बाजपेई नीलम रोमिला सिंह नीतू खुराना फोजिया उस्मानी हाजी सरताज अनवर अजय यादव अज्जू आयशा बेगम सरला शुक्ला अंजू सिंह शकीला बानो रजनी यादव रोशनी कनौजिया रीता वर्मा रजनी सोनकर योगी भारती रामा बाघमार पूनम गौतम अनीशा बाजी फरहान लारी सानू समाजवादी मोहम्मद अरशद दद्दा जमालुद्दीन जुनैदी नसीम खान निजाम कुरैशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# गन्ना भुगतान न किए जाने से नाराज कांग्रेसियों ने मिल गेट पर किया धरना प्रदर्शन

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई थाने की पुलिस रही मौजूद

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। गुरवार को बजाज चीनी मिल कुन्दरखी चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल की अगुवाई किसानों के गन्ना भुगतान को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया इसमें चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना योगेन्द्र सिंह ने कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं को यह बताया कि आगामी 28 फरवरी तक चीनी मिल सम्पूर्ण भुगतान कर देगी। कार्यकर्ताओं की यह मांग थी कि क्षेत्र के किसानों के गन्ना का बकाया भुगतान कुंदुरखी मिल शीघ्र करें यदि ऐसा नहीं होगा तो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल की अगुवाईमें फिर दोबारा धरना प्रदर्शन किया जाऐगा और अनिश्चितकालीन धरना उक्त चीनी मिल गेट पर दिया जाएगा। जीत के क्रम में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है और यह तब तक चलेगा जब तक किसानों का भुगतान नहीं हो जाऐगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन व चीनी मिल प्रबंधन की होगी धरने में नेता दिलीप दिलीप शुक्ला ने भी कहा कि बजाज चीनी मिल किसानो के साथ शौतेला व्यवहार कर रही है। चीनी मिल प्रबंधन यह बताए कि दो प्रतिशत सीएसआर के मद में कहा खर्च कर रही है और कहौबा से निकली चमदई नदी का असितत्व ही खत्म हो गया। जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने कहा अरबो रूपये दबाए हुए बैठी चीनी मिल ने कोविड 19 मे भी नहीं भुगतान किया कई किसानों के बेटियो के हाथ नहीं पीले हो पाए, किसान नेता शुक्ला प्रसाद शुक्ला, अनिल कुमार पांडे,डॉक्टर सद्दाम हुसैन, अल्पसंख्यक अध्यक्ष जैनुलाब्दीन खान पंचम राम सिंह, ओपी शर्मा, डॉ राज बहादुर सिंह ,सत्या पटेल राकेश सिंह संत बक्स मिश्रा मोहम्मद असलम विनोद प्रधान, ओम प्रकाश वर्मा, पप्पू खान बिना धोबी शिव बहादुर सिंह जयंती प्रसाद संदीप प्रजापति विनय धोबी अमरनाथ वर्मा राम लोटन वर्मा लक्ष्मण प्रसाद वर्मा सहित सैकड़ों लोग धरने में शामिल रहे।







### इनसेट

मोतीगंज मे काग्रेस नेताओ के धरना प्रदर्शन को देखते हुए पांच थानो की पुलिस वा पीएसी लगी रही थानाध्यक्ष मोतीगंज ब्रम्हानंद सिंह मेन चौराहे पर पुलिस बल के साथ डटे रहे वही कोतवाल देहात वा मनकापुर वजीरगंज, भी मेन गेट वा नहर पुलिया के पास फोर्स के साथ मौजूद रहे वही कोतवाल देहात वा थानाध्यक्ष मोतीगंज के मान मनोव्वल पर काग्रेसी नेताओ ने धरना प्रदर्शन जीएम केन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया।

# अवैध असलहे से हवाई फायर कर धमकाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थ

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा ढाबे पर अवैध असलहे से बेवजह हवाई फायर कर गाली गलौज करने वाले अभियुक्त को मय अवैध तमन्चा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया।



# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। उन्नाव गंगाघाट कोतवाली के अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी गंगाघाट में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत, युवक पंकज स्वीट हाउस में काम करता था वह सीतापुर गया था। देर रात सीतापुर से वापस आ रहा था। नशे की हालत में क्रॉसिंग के पास ट्रेन ना दिखने से आया ट्रेन की चपेट में जिससे हुयी दर्दनाक मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।



# लखनऊ के जिला कार्यालय आशियाना चौराहा पर कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा दिनांक 27अग्रस्त 2021 को एक बैठक में लखनऊ के जिला कार्यालय आशियाना चौराहा पर आहुति हुई बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि आगामी 28 अग्रस्त कार्यकर्ता परिचय वर्ग जोकि मन्नत लान निकट हज हाउस एयरपोर्ट के पास होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर यह बैठक की आहुति की गई है। मुख्य रूप से इस बैठक का श्रेय हमारे राष्ट्रीय महासचिव माननीय सर्वेश पाठक जी को जाता है। इस बैठक का संचालन कर रहे अजय पाण्डेय जिला अध्यक्ष लखनऊ महानगर के नेतृत्व में यह विशाल कार्यक्रम किया जाएगा पांडेय जी ने बताया कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्म दिवस के अवसर पर 15 जुलाई को लगभग सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी रक्तदान किया था जिसमें कार्यकताओं व मीडिया बन्धुओं द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार से पता चला कि संपूर्ण भारत में 1 लाख 87 हजार कार्यकर्ताओं ने हमारे राष्ट्रीय महासचिव जी के जन्म दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारत मे विशाल संख्या में रक्तदान किया था हमारे संवाददाता श्री पाठक के सहायक निजी सचिव शिवम पांडे से बात करते हुए पता चला कि पाठक समाज को सदैव कुछ देने का जज्बा ही व्यक्ति को महान बनाता है। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित के मा. राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के इसी संकल्प वाक्य को मानकर संगठन द्वारा हमारे अगुआ मा. राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक जी के कार्यकर्ता परिचय वर्ग दिनांक –28 अगस्त 2021 को सुनिश्चित हुई है जिसमें मुख्य रूप से पं. सुनील बराला अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के रूप मुख्य अतिथि बनाने का मनाने का निर्णय लिया है। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन धुरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिव्य त्रिवेदी जी उपस्थित रहेंगे इसी क्रम में प्रदेश महामंत्री मनीष मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर सिंह प्रदेश मंत्री रामग्रह गुप्ता प्रदेश मंत्री आशुतोष मिश्रा प्रदेश आईटी संयोजक गौरव शर्मा , अवध प्रान्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमित सिंह बिष्ट लखनऊ महानगर जिला अध्यक्ष अजय पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह , जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य जिला उपाध्यक्ष फिरोज खान, कोषाध्यक्ष श्रीकांत श्रीवास्तव जिला मंत्री जितेंद्र चौहान जिला मंत्री शिव कशयप मंडल अध्यक्ष आशु राजपूत मंडल अध्यक्ष मोनू राज यादव सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जुंआ खेल रहे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना आसीवन, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ कव्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा जुंआ खेल रहे 09 अभियुक्तों को जुंआ राशि 5690 रु0, 52 अदद ताश के पत्ते व चार अदद मोटर मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।




# जब पारिवारिक समारोहों में सामाजिक चर्चाओं का दौर चलने लगे तो मान लो समाज परिवर्तन की करवट लेने लगा है : लक्ष्य

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। भारतीय समन्वय संगठन(लक्ष्य) की लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या के नेतृत्व में एक सामाजिक चर्चा सीतापुर के गांव पंचमपुरवा में की गई। यहाँ यह बता दें कि यह कार्यक्रम लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या जी के रिश्तेदार का पारिवारिक समारोह था जिसमें कई गांव व जिलों के उनके रिश्तेदार शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम के बाद लक्ष्य कमांडर ने यह सामाजिक चर्चा की, जिसकी उनके रिश्तेदारों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की और उनके साथ मिलकर महापुरुषों के आंदोलन को मजबूत करने की बात कही । यहाँ यह बता दें कि लक्ष्य की महिला कमांडर्स समाज को जागरूक करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ती हैं और समाज में नए–नए प्रयोगों के माध्यम से कम समय और कम संसाधनों के बावजूद सामाजिक परिवर्तन को ऊर्जा प्रदान करती रहती हैं,जोकि समाज में एक चर्चा का विषय बना हुआ है। जब पारिवारिक समारोह में सामाजिक चर्चाओं का दौर चलने लगे तो मान लो समाज परिवर्तन की करवट लेने लगा है और इतिहास गवाह है कि परिवर्तन की लहर एक–एक कदम रखकर ही मजबूत की जा सकती है। लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या व मुन्नी बौद्ध ने बहुजन समाज के लोगों से आवाह्न करते हुए कहा कि आप लोग भी अपने पारिवारिक कार्यक्रमों को समाज हित में इस्तेमाल करें तो सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन अपने लक्ष्य पर जल्द पहुँच जायेगा। इस सामाजिक चर्चा में लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या व मुन्नी बौद्ध के अलावा लक्ष्य कमांडर विमलेश चौधरी, मंजू चौधरी, चित्र चौधरी, चांदनी चौधरी, रामरती, अनीता देवी, सुनीता देवी, शिल्पी गौतम, प्रीति गौतम, पारुल गौतम, मधु गौतम, किरणलता, आरुही गौतम, खुशी राम जी, आकाश कुमार, संदीप कुमार, राम स्वरूप गौतम, संकेत कुमार, शैलेन्द्र राजवंशी, शेखर, कुशाग्र, त्रिशांत, रवि प्रकाश ने हिस्सा लिया।

# परिवार नियोजन के लिए पुरुषों का आगे आना सुखद: सीएमओ

### इस बार जनसँख्या स्थिरता पखवारे के दौरान चार पुरुषों ने कराई नसबंदी वितरित किए जाने वाले कंडोम की संख्या में भी हुई वृद्धि

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। परिवार नियोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा प्रयास अब रंग लाने लगा है। लोग परिवार नियोजन को लेकर जागरूक हो रहे हैं। छोटा परिवार–सुखी परिवार की अवधारणा को अपने जीवन में साकार करने के लिए अब महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी आगे आ रहे हैं। लोगों में परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। दंपति परिवार नियोजन और दो बच्चों के बीच के अंतराल को लेकर अधिक सजग हुए हैं। इसका पुख्ता प्रमाण है इस साल का जनसंख्या स्थिरता पखवारा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गैरोला का कहना है कि परिवार नियोजन के लिए पुरुषों का आगे आना सुखद है। वह कहती हैं कि स्वास्थ्य विभाग की कुशल रणनीति, मजबूत इच्छाशक्ति और अटल इरादों के चलते लोगों में परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता बढ़ी है, इसी के साथ विभान ने लोगों तक परिवार नियोजन के साधनों की पहुंच को भी आसान बनाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर बीती 11 से 31 जुलाई के मध्य जनसंख्या स्थिरता पखवारा मनाया गया। पिछले वर्ष के जनसंख्या स्थिरता पखवारा और इस साल के जनसंख्या स्थिरता पखवारा के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो स्पष्ट है कि नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधनों को अपनाने के लिए लोग आगे आए हैं।

## इनसेट

### यह हैं जनसंख्या स्थिरता पखवारे के आंकड़े

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अफसर और एसीएमओ डॉ. एसके शाही ने बताया कि वर्ष 2020 में इस पखवारे के दौरान एक भी पुरुष नसबंदी (एनएसवी) नहीं हो सकी थी, जबकि इस बार जिले में चार पुरुषों ने स्वेच्छा से नसबंदी कराई है। महिला नसबंदी के मामले में भी इस साल प्रगति हुई है। बीते साल हुई महज दो महिला नसबंदी के मुकाबले इस साल 77 महिलाओं ने परिवार नियोजन के इस स्थायी साधन को अपनाया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल जिले भर में कुल 931 परिवारों ने आईयूसीडी को अपनाया था, इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 990 हो गया है। इसी तरह बीते साल पीपीआईयूसीडी का लाभ लेने वाले 846 दंपति के मुकाबले इस साल इस 1255 दंपति ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। इस साल 852 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन लगवाया, जबकि गत वर्ष इस पखवारे के दौरान महज 259 महिलाओं ने यह इंजेक्शन लगवाया था। गत वर्ष 53,953 कंडोम का वितरण हुआ था, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 89,481 पर पहुंच गया है। इसी तरह गत वर्ष 7,795 स्ट्रिप्स गर्भनिरोधक गोलियों छाया और माला एन का वितरण हुआ था, जबकि इस साल 19,441 स्ट्रिप्स का वितरण किया गया है। पिछले साल 3831 ईसीपी पिल्स का वितरण हुआ था, जबकि इस साल 5046 पिल्स का वितरण हुआ है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर ।

# ब्राह्मण समाज को बसपा में जोड़ने का काम कर गये सतीश मिश्रा

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई (जालौन) आगामी विधानसभा 2022 चुनाव के पहले ब्राह्मणों को साधने जुटे बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य सतीशचंद्र मिश्रा ने आज शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित जानकी पैलेस सभागार उरई में प्रबुद्ध वर्ग सम्मान एवं सुरक्षा पर विचार गोष्ठी में बोलते हुए कहा कि विधानसभा सभा चुनाव बसपा अकेले लड़ेगी और अगर सरकार बनती है तो ब्राह्मण समाज को बहन मायावती के द्वारा सम्मान दिलाने का काम किया जायेगा उन्होंने कहा कि बिकरू कांड के नाम पर निर्दोष ब्राह्मणों की हत्या करवा दी गयी इसके साथ ही 50 से अधिक निर्दोष ब्राह्मण समाज के लोग विभिन्न धाराओं में जेल में बंद है। बसपा राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि आखिर अमर दुवे (गैंगस्टर विकास दुबे का भतीजा) की पत्नी का क्यां दोष था। उसे लखनऊ से मिले इशारे पर जेल में डाल दिया गया जिसे पैरोल तक नहीं मिली तथा गलत रिपोर्ट लगाकर उसकी जमानत अर्जी खारिज करा दी गयी। उन्होंने हिन्दू संगठन के नेता कमलेश तिवारी के अलावा रायबरेली, गोरखपुर, लखनऊ में भी ब्राह्मणों की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विनय तिवारी की गाड़ी रोककर पुलिस ने सीने में गोली मार दी तथा मिर्जापुर में नाबालिग ब्राह्मण बच्चों को मार दिया गया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का ऐसा उत्पीड़न सपा सरकार में हुआ ऐसा कभी किसी सरकार में नही हुआ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने ब्राह्मण समाज के 85 प्रत्याशी बनाये तथा जीते विधायकों में से 16 कैबिनेट मंत्री बनाए थे। ब्राह्माणों के सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई उन्होंने लड़ी। सबसे ज्यादा सम्मान ब्राह्माण को यदि कहीं मिला है तो बसपा में। इससे पहले समर्थकों ने सतीश चंद्र मिश्र के साथ पूर्व मंत्री नकुल दुबे का भी स्वागत किया गया। राष्ट्रीय महासचिव को फरसा भेंट किया। राम मंदिर के पैसों से चला रहे पार्टी राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ तो इसे बनवाने के नाम पर भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये बटोरे। इन पैसों का इस्तेमाल पार्टी चलाने में कर रही है। पांच अगस्त 2020 को दो सौ करोड़ रुपये खर्च कर भूमि पूजन कार्यक्रम कराया गया, जबकि उस दिन सिर्फ पांच ईटों का पूजन हुआ। भाजपा बताए, वसूला गया पैसा कहां गया। उन्होंने कहा कि सभी के बीच में पहुंच कर मायावती के संदेश को पहुंचाने का काम करें। इससे पहले मंच पर बसपा के पूर्व मंत्री नकुल दुबे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने जबकि संचालन सुरेश तिवारी इकहरा ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लालाराम अहिरवार बुंदेलखंड प्रभारी, बृजेश जाटव बुंदेलखंड प्रभारी, रफीउद्दीन पन्नू सेक्टर प्रभारी झांसी मंडल, बृजमोहन कुशवाहा, मनीष आनंद, मनोज, गिरीश अवस्थी, पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति, वरिष्ठ बसपा नेता जयकरन सिंह निरंजन खरूसा, हीरालाल चौधरी पूर्व अध्यक्ष बसपा, जिला पंचायत सदस्य कैलाश राजपूत ददरी, पूर्व मीडिया प्रभारी संजय राय, राजेश जाटव सहित सर्व समाज के बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड क्रमांक 31 मे 7 लाख के लागत से निर्मित होने वाली पीसीसी सड़क का सिंगरौली विधायक ने किया भूमि पूजन

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। जिला सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम लल्लू वैश्य के मुख्य अतिथि एवं नगर पालिक निगम सिंगरौली के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रताप विश्वकर्मा एवं नगर निगम आयुक्त आरपी सिंह, पूर्व पार्षद रजनीष पाण्डेय के गरिमामय उपस्थिति मे वार्ड क्रमांक 31 तालाब से नासिर मोहम्मद के घर तक पीसीसी रोड लागत रूपयें 7 लाख 46 हजार का विधिवत पूजा अर्चन कर कार्य को मूर्त रूप दिया गया। इस अवसर पर विधायक वैश्य ने उपस्थित नगर निगम के अधिकारियो को निर्देश दिये कि पीसीसी रोड गुणवत्ता एवं समय सीमा मे पूर्ण कराये। इस अवसर पर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री आर. के जैन, उपयंत्री पी.के सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।



# अनुरागिनी संस्था के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का लखनऊ सहारा मॉल में बोल बाला

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई(जालौन) उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड द्वारा हजरतगंज सहारा मॉल लखनऊ में आयोजित हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट मेले में जनपद जालौन की अनुरागिनी संस्था द्वारा गठित एकता स्वयं सहायता समूह ने प्रतिभाग किया है। एकता स्वयं सहायता समूह का गठन नाबार्ड की सहायता से अनुरागिनी संस्था द्वारा जुलाई 2019 किया गया था। नाबार्ड द्वारा इन महिलाओं को गोबर से बने उत्पादों को बनाने के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण भी शांति ग्रामोधोग संस्था की सहायता से दिया गया था।मेले में श्रीमती प्रेमवती सिंह व मदीना द्वारा अगरबत्ती धूपबत्ती गाय के गोबर से बने दिये व कालपी हस्त निर्मित वह कागज से निर्मित उत्पाद का स्टाल लगाया गया है। उक्त मेले में उतर प्रदेश के समस्त जनपदों से स्वयं सहायता समूह ने स्टाल लगाए हैं। ज्ञात हो कि अनुरागिनी संस्था द्वारा जनपद के डकोर विकास खंड में 100 स्वयं सहायता समूह के गठन एवम् उनको स्वरोजगार से जोड़ने की परियोजना का संचालन किया जा रहा है जनपद जालौन से नाबार्ड के जिला बिकास प्रबन्धक प्रकाश कुमार ने अनुरागिनी संस्था द्वारा ग्राम पडुली में गठित एकता स्वयं सहायता समूह को मेले में भाग लेने के लिए नामित किया। 11 अगस्त से 24 सितंबर तक चलने वाले मेले में जनपद जालौन के कालपी के हस्त निर्मित कागज वह गोबर से बने उत्पाद आकर्षण का मुख्य केंद्र है मेले में जनपद जालौन के उत्पादों की अत्यधिक बिक्री हों रही है मुख्य रूप से हस्त निर्मित कागज से बने उत्पादों का महिलाओं को हस्त निर्मित कागज से बने केरीबेग गिफ्ट वोक्स गाय के गोबर से बने दियो का लगातार ऑडर मिल रहा है। जनपद जालौन की महिलाओं द्वारा किए गए उत्क्रष्ट कार्यों की सराहना मुम्बई से आएं नाबार्ड के चेयरमैन जी के चिंतला एवम् सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डा प्रवीण सिंह जादौन ने भी किया है उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड द्वारा भी इन महिलाओं को कालपी हस्त निर्मित कागज से बने 2000 फोल्डरों का आर्डर दिया गया है।

# रणवीर सिंह को सपा का छात्र संघ जिला सचिव पर किया गया नियुक्त

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ (जालौन)समाजवादी पार्टी छात्र सभा जनपद जालौन के जिला अध्यक्ष हिमांशू ठाकुर ने



अपनी जिला कमेटी घोषित की। इसी क्रम में निनावली जागीर के युवा रणवीर सिंह को जिला जिला सचिव नियुक्त किया। रणवीर सिंह ने हिमांशु ठाकुर का धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि अपनी ईमानदारी निष्ठा से पार्टी हित में काम करेंगे। उसके लिए दिन रात एक कर देंगे निनावली जागीर (रामपुरा)में सैकड़ों युवाओं ने रणवीर सिंह का जोरदार स्वागत किया। फूल माला पहना कर मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और 2022 में अखिलेश यादव की सरकार बनाने का संकल्प लिया।। जिला सचिव नियुक्ति होने के बाद भगवती शरण कनौजिया अनिल चौधरी शिवा चौधरी सत्येंद्र कुशवाहा देवेंद्र कुशवाहा भानु साकेत विजय कुमार रिंकू संतराम कुशवाहा नीलू पाल रिंकू सागर रामपुरा अमित सोनी गोविंद दुबे जितेंद्र रोहित कुशवाहा प्रेम सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# वोट बढ़ाओ अभियान के तहत जिला अध्यक्ष पहुंचे गुलौली गांव लिया जायजा

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई (जालौन) जनपद जालौन में लगभग पन्द्रह दिन से चल रहे सतत वोट बढ़ाओ अभियान में बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी,ब्लाक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष सहित पर्यवेक्षकों की टीमे लगातार वोट बढ़ाने वाले फार्म 6, जातिगत आंकड़ा,तथा ट्वन्टी यूथ बनाने में लगी है जिसकी मानीटिरिंग कालपी विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष अतर सिंह राठौर,उर ई विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव और माधोगढ़ विधानसभा में जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा कर रहे हैं। वहीं जिला अध्यक्ष नवाब सिंह यादव प्रतिदिन अपने पदाधिकारियों से रिपोर्ट ले रहें हैं।इसी के तहत आज जिला अध्यक्ष नवाब सिंह यादव अपनी टीम में जिला उपाध्यक्ष अतर सिंह राठौर सेक्टर, पर्यवेक्षक रामरूप यादव,जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा,पूर्व ब्लाक प्रमुख गुड्डू महेवा,नगर अध्यक्ष कदौरा इश्तियाक अली, योगेन्द्र सिंह परिहार, अकील अंसारी सहित जिले के सुदूर यमुना पट्टी के गांव गुलोली पहुंचे और ग्राम प्रधान अब्दुल हई उर्फ लल्लू खां के आवास पर गांव के बूथ प्रभारियों की बैठक कर बोट बढ़ाने, जातिगत आंकड़ा और ट्वन्टी यूथ बनाने पर जोर दिया। गांव के लोगों ने जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बोट भी बढ़ाने में सहयोग करेंगे और पार्टी केंद्र प्रत्याशी को विधायक बनाकर प्रदेश में सपा की सरकार भी बनायेंगे।इस मौके अहमद खां, नन्हे खां, बूथ अध्यक्ष, अब्दुल हई खान प्रधान गुलौली, तनवीर,अल्फू वेग, जहीर खान बूथ अध्यक्ष,शाकिब खां शिवा,आदि उपस्थित रहे।

# पिता को पीटकर घर से निकालने वाले पुत्र पर एसपी ने वजीरगंज मे मुकदमा दर्ज करवाकर बेघर पिता को कराया पुनर्वासित

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिल से दिया धन्यवाद

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम उदयपुर ग्रंट के रहने वाले श्याम बिहारी पुत्र मतऊ ने जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थनापत्र दिया और बताया कि उसके पांच बेटे हैं जिसमें उसका मंझला बेटा अमरसिंह व उसकी बहू उसको बहुत परेशान करते हैं विरोध करने पर अमरसिंह उसे मारता–पीटता है तथा उसे घर से निकाल दिया है।अमर सिंह ने अप्रैल माह में उसे इतना मारा कि उसका पैर टूट गया था,आए दिन होने वाली मारपीट के डर के कारण मैं अपने घर भी नहीं जा पा रहा हूँ तथा अपनी बेटी व अन्य रिश्तेदारों के यहां शरण लेकर रह रहा हूँ। पीड़ित की बात सुनकर पुलिस अधीक्षक गोंडा संतोष कुमार मिश्रा ने तत्काल थानाध्यक्ष वजीरगंज को पीड़ित के प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुए आवश्यक



कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करने तथा पीड़ित को पुनर्वासित कराने के निर्देश दिए थे। जिस पर थानाध्यक्ष वजीरगंज ने पीड़ित श्याम बिहारी के प्रकरण में गहराई से जांच की तथा प्राप्त चिकित्सीय दस्तावेजों के आधार पर उसके पुत्र अमरसिंह के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। साथ ही पीड़ित श्याम बिहारी को उसके घर में पुनर्वासित कराया है। अपने घर में पुनर्वासित होने व त्वरित न्याय मिलने पर पीड़ित श्यामबिहारी ने पुलिस अधीक्षक गोंडा संतोष कुमार मिश्रा को सहृदय धन्यवाद दिया है।

# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर में मनाया गया संरक्षिका दिवस




अवध की आवाज ब्यूरा

मध्य प्रदेश। जिला सिंगरौली, प्रत्येक वर्ष की भॉती इस वर्ष भी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एनटीपीसी विन्ध्यनगर के द्वारा आज महिलाओं द्वारा संरक्षिका दिवस संरक्षिका सीआईएसएफ वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन मनाया गया बल मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं वर्तमान में कोविड–19 के मद्देनजर संरक्षिका दिवस के अवसर पर केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्धयनगर के संरक्षिका द्वारा वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें बच्चों ने भी हिस्सा लिया साथ ही साथ इकाई के बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम था Best out of waste materals उक्त प्रतियोगिता का कोविड–19 नियम का पालन करते एवं सामाजिक दूरी रखते हुए आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के बेकार सामानोंध चीजों से बहुत ही आर्कषक वस्तुओं को बनाया जिसे सभी के द्वारा काफी सराहा गया । साथ ही साथ बच्चों के लिए संरक्षिका के बैनर तले फिट इंडिया दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें इकाई के सभी बच्चों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया एवं 2 किलोमीटर की दौड़ पूरी की । वृक्षारोपण एवं बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कविता आजाद, अध्यक्षा, संरक्षिका के नेतृत्व में किया गया। संरक्षिका दिवस के अवसर पर सीता महालक्ष्मी, महासचिव(संरक्षिका) एवं अन्य संरक्षिका सदस्यों के साथ–साथ केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्धयनगर के सभी महिलाएं एवं बच्चो ने हिस्सा लिया संरक्षिका दिवस के अवसर पर अध्यक्षा, संरक्षिका ने उपस्थित सभी महिलाओं की काफी तारीफ की एवं बताई कि वे अपने दिनभर के व्यस्त समय से भी कुछ समय संरक्षिका को बढ़ावा देने के लिए निकालती है एवं साथ ही साथ इकाई में आयोजित हो रहे सभी कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेती है इसके लिए वे काफी सम्मान के हकदार है कोविड–19 के संक्रमण के कारण बल मुख्यालय द्वारा संरक्षिका दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को न मनाने के लिए निर्देश दिये है

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

बिजनौर, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश मे बिजनौर के एक गांव मे घरेलू विवाद के कारण बश्हस्पतिवार रात पति ने तमंचे से गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक (एसपी) धर्मवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि थाना नूरपुर के गांव गोपालपुर निवासी सचिन ने बीती रात लगभग 10 बजे पत्नी लक्ष्मी (25) की 315 बोर के तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने सुबह लगभग पांच बजे पुलिस को मामले की सूचना दी। घटना का कारण घरेलू कलह बताई जा रही है। एसपी के अनुसार आरोपी को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मुजफ्फरनगर में खराब दवाइयां बरामद होने के बाद दो दुकानें सील

मुजफ्फरनगर, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 20 लाख रुपये से अधिक की 'एक्सपायर' दवाएं बरामद होने के बाद दवा की दो दुकानें सील कर दी गईं। इन सभी दवाइयों को इस्तेमाल करने की समय सीमा समाप्त हो गई थी। दवा विभाग के अधिकारियों के एक दल ने बश्हस्पतिवार शाम जिला परिषद मार्केट स्थित दो 'मेडिकल स्टोर' पर छापे मारे थे। बीस लाख रुपये से अधिक की 'एक्सपायर' दवाइयां बरामद होने के बाद दुकानों और उनके गोदाम को सील कर दिया गया है।

# अनुरागिनी संस्था के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का लखनऊ सहारा मॉल में बोल बाला

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई । उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड द्वारा हजरतगंज सहारा मॉल लखनऊ में आयोजित हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट मेले में जनपद जालौन की अनुरागिनी संस्था द्वारा गठित एकता स्वयं सहायता समूह ने प्रतिभाग किया है। एकता स्वयं सहायता समूह का गठन नाबार्ड की सहायता से अनुरागिनी संस्था द्वारा जुलाई 2019 किया गया था। नाबार्ड द्वारा इन महिलाओं को गोबर से बने उत्पादों को बनाने के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण भी शांति ग्रामोधोग संस्था की सहायता से दिया गया था।मेले में श्री मती प्रेमवती सिंह व मदीना द्वारा अगरबत्ती धूपबत्ती गाय के गोबर से बने दिये व कालपी



हस्त निर्मित वह कागज से निर्मित उत्पाद का स्टाल लगाया गया है। उक्त मेले में उतर प्रदेश के समस्त जनपदों से स्वयं सहायता समूह ने स्टाल लगाए हैं। ज्ञात हो कि अनुरागिनी संस्था द्वारा जनपद के डकोर विकास खंड में १०० स्वयं सहायता समूह के गठन एवम् उनको स्वरोजगार से जोड़ने की परियोजना का संचालन किया जा रहा है जनपद जालौन से नाबार्ड के जिला बिकास प्रबन्धक प्रकाश कुमार ने अनुरागिनी संस्था द्वारा ग्राम पडुली में गठित एकता स्वयं सहायता समूह को मेले में भाग लेने के लिए नामित किया। ११ अगस्त से २४ सितंबर तक चलने वाले मेले में जनपद जालौन के कालपी के हस्त निर्मित कागज वह गोबर से बने उत्पाद आकर्षण का मुख्य केंद्र है मेले में जनपद जालौन के उत्पादों की अत्यधिक बिक्री हों रही है मुख्य रूप से हस्त निर्मित कागज से बने उत्पादों का महिलाओं को हस्त निर्मित कागज से बने केरीबेग गिफ्ट वोक्स गाय के गोबर से बने दियो का लगातार ऑडर मिल रहा है। जनपद जालौन की महिलाओं द्वारा किए गए उत्क्रष्ट कार्यों की सराहना मुम्बई से आएं नाबार्ड के चेयरमैन जी के चिंतला एवम् सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डा प्रवीण सिंह जादौन ने भी किया है उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड द्वारा भी इन महिलाओं को कालपी हस्त निर्मित कागज से बने 2000 फोल्डरों का आर्डर दिया गया है।

# उपजिलाधिकारी ने टरननगंज स्थित सुलभ शौचालय का किया निरीक्षण

अवध की आवाज ब्यूरा

उरई (जालौन) पालिका को स्टीमेंट बनाकर मरम्मतीकरण कालपी नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित तीन दशक पुराना जर्जर सुलभ शौचालय के मरम्मतीकरण की मांग व्यापार मण्डल द्वारा किये जाने के बाद उपजिलाधिकारी कौशल कुमार ने उक्त सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया तथा पालिका को स्टीमेंट बनाकर मरम्मतीकरण किये जाने के निर्देश दिये शुक्रवार को उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के अध्यक्ष दिनेश चौधरी,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,शैलेश चौरसिया,निखिल धवन,सुनील पाटकार,रमेश गुप्ता द्वारा दिये गये उपजिलाधिकारी कालपी कौशल कुमार को मांगपत्र में अवगत कराया कि 30 से 35 वर्ष पुराना नगर के मुख्य बाजार टरननगंज में डूडा विभाग द्वारा 10 सीटर सुलभ शौचालय व्यापारियों व आम नागरिकों की सुविधा के लिये बनाया गया



था। जिसका संचालन नगर पालिका के आधीन है तथा वर्तमान में जर्जर हालत में चालू है। मामले को गम्भीरता से लेते हुये उपजिलाधिकारी कालपी कौशल कुमार ने सुलभ शौचालय का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहां की वास्तविक हकीकत को देखा तथा नगर पालिका परिषद कालपी के अवर अभियंता बृजेन्द्र संखबार को उक्त शौचालय का मरम्मतीकरण का निर्देश दिये। व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कौशल कुमार के तत्कालिक इस निर्णय की सराहना की गई ।

# प्रियंका चोपड़ा के रेस्ट्रॉन्ट 'सोना' में ऐसे हुआ अनुपम खेर का स्वागत, ऐक्टर ने लगवाए 'जय हो' के नारे

मुंबई, (वेब वार्ता)। अनुपम खेर इस वक्त न्यू यॉर्क में हैं। वह न्यू यॉर्क में हाल ही में लॉन्च हुए प्रियंका चोपड़ा के रेस्ट्रॉन्ट पर पहुंचे और जिस अंदाज में वहां उनका स्वागत किया गया, इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर कर डाली है। अनुपम खेर ने 'सोना' के अंदर का झलकियां शेयर करते हुए एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को टैग किया है। अनुपम ने इस पोस्ट में लिखा है, 'प्यारी प्रियंका, आपके बेहतरीन रेस्ट्रॉन्ट सोना में डिनर करने का अनुभव शानदार रहा। उन्होंने रेस्ट्रॉन्ट की तारीफ में आगे लिखा, ' सबकुछ काफी लाजवाब था, खाना, माहौल और वहां के स्टाफ जिन्हें हरि नायक हेड करते हैं। आपने हम इंडियंस को एक और मौका दिया है कि हमें आप पर गर्व हो। ऐसे ही आगे बढ़ते रहो। आप बेस्ट में बेस्ट हो, जय हो।' अनुपम खेर के इस पोस्ट पर रेस्ट्रॉन्ट के सोशल मीडिया हैंडल से जवाब भी दिया गया और वहां डिनर करने के लिए उन्हें शुक्रिया कहा गया है। इसी साल मार्च में प्रियंका चोपड़ा ने न्यू यॉर्क में अपने शानदार




रेस्ट्रॉन्ट SON। की शुरुआत की है, जो मॉडर्न इंडियन खाने के स्टाइलिश अंदाज और डिफरेंट वरायटीज को लेकर फेमस है। यहां इंडियन खाने की अलग–अलग शानदार वरायटी का स्वाद चखा जा सकता है। अब तक कई सिलेब्रिटी प्रियंका चोपड़ा के इस रेस्ट्रॉन्ट में लजीज खाने का मजा ले चुके हैं। अब अनुपम खेर ने भी वहां एंट्री मारी और रेस्ट्रॉन्ट के अंदर की कई तस्वीरों के साथ वहां के फूड आइटम की भी झलकियां दिखाई हैं। अनुपम खेर और प्रियंका चोपड़ा कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिसमें 'गॉड तुसी ग्रेट हो', 'आप की खातिर', 'स्ट्रेंजर्स' जैसी कई और भी फिल्में हैं।

# अक्षय कुमार की 'बेल बॉटम' के विरोध में उतरे किसान, थिएटर के बाहर नारे लगाए- शर्म करो

मुंबई, (वेब वार्ता)। अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बेल बॉटम' पिछले हफ्ते रिलीज कर दी गई। कोरोनावायरस महामारी के बाद



यह पहली ऐसी फिल्म है जिसे सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। फिल्म को दर्शकों और फिल्म क्रिटिक काफी अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। हालांकि अब यह फिल्म एक मुसीबत में घिरती नजर आ रही है। बीते दिन पंजाब के किसान पटियाला के थिएटर के बाहर फिल्म बेल बॉटम के रिलीज का विरोध करते नजर आए। साथ ही थिएटर के बाहर अक्षय कुमार की फिल्म देखने वालों शर्म करो के नारे भी लगाए गए। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन रंजीत तिवारी ने किया है। इस फिल्म में खिलाड़ी कुमार अक्षय एक रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में आदिल हुसैन, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी और लारा दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। पंजाब के किसान पिछले साल सितंबर से ही केंद्र के बनाए हुए कृषि कानूनों का विरोध करते हुए सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। अक्षय कुमार की फिल्म 'बेल बॉटम' का बहिष्कार करते हुए पटियाला के 'फूल सिनेमा' के सामने किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नार लगाए,'अक्षय कुमार की फिल्म देखने वालों शर्म करो'। यह पिछले साल अक्षय के उस बयान की प्रतिक्रिया में बताया गया है, जिसमें उन्होंने अपने विरोध को प्रोपेगेंडा बताया था। 'न्यूज 24 ऑनलाइन' की रिपोर्ट के मुताबिक गुस्साए किसानों ने सिनेमा हॉल को अगले शनिवार तक फिल्म न दिखाने के लिए कहा है नहीं तो परिणाम भुगतने की धमकी दी है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि सऊदी अरब, कुवैत और कतर में 'बेल बॉटम' की स्क्रीनिंग पर भी बैन कर दिया गया था।

# नेहा शर्मा: कहानी कहने का तरीका एक्टर को फिल्म करने पर करता है मजबूर

मुंबई, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री नेहा शर्मा को हाल में ही धीरज जिंदल द्वारा निर्देशित एक लघु फिल्म में देखा गया है। उनका कहना है कि कहानी कहने का तरीका एक एक्टर को फिल्म करने पर मजबूर करता है। नेहा ने कहा



कि एक कहानी कहने का तरीका एक एक्टर को एक फिल्म में काम करने पर तैयार करता है। अपनी पहली फिल्म में ही, धीरज के पास रुष्टि की स्पष्टता और एक विशिष्ट आवाज थी। मुझे पता था कि मुझे उनके साथ काम करना है। मुझे बहुत खुशी है कि हमने इस पर काम किया, जो स्पष्ट रूप से एक शानदार परियोजना है। विकल्प कई आकांक्षाओं वाली एक छोटे शहर की लड़की के बारे में है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक मेट्रो शहर चली गई है। निर्देशक ने इससे पहले रसिका दुग्गल अभिनीत द स्कूल बैग जैसी लघु फिल्मों का निर्देशन किया हैं, औ उन्हें लगता है कि इसका रनटाइम अप्रासंगिक है। जिंदल ने कहा कि मेरा मानना है कि प्रारूप, रनटाइम अप्रासंगिक है और कहानी की शक्ति अंततः एक फिल्म में चमकती है। मुझे अपनी बनाई लघु फिल्में पसंद हैं क्योंकि वे शक्तिशाली है। मेरी रुष्टि पर भरोसा करने के लिए मैं नेहा का बहुत आभारी हूं। नेहा शर्मा और अंशुल चौहान अभिनीत विकल्प, लार्ज शॉर्ट फिल्म्स पर रिलीज हुई।

# केबीसी 13 की पहली बड़ी विजेता बनी के एमपी गांव की पहली महिला पुलिस सब-इंस्पेक्टर

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। केबीसी 13 में हॉटसीट पर मौजूद रहने वाली निमिषा अहिरवार 3.20 लाख रुपये जीतने में कामयाब रहीं। वह मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में अपने गांव जतारा की पहली महिला सब–इंस्पेक्टर हैं। निमिषा कहती हैं कि मुझे ऐसा लगता है कि मैं आसमान के शीर्ष पर हूं। सबसे बड़ी बात यह हुई कि मुझे मेगास्टार अमिताभ बच्चन से मिलने का मौका मिला। इसके अलावा, यहां आने के बाद मुझे जो प्यार और समर्थन मिला है, वह अद्भुत है। लोग अब मुझे जानने लगे हैं और वे मेरे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन के जरिए मुझ तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। मैं सभी की बहुत आभारी हूं। उन्होंने घरेलू हिंसा, हत्या, चोरी और हमले जैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों को सुलझाने के लिए अपने करियर की शुरूआत की है। वह अब साइबर क्राइम विभाग के साथ काम कर रही है। पुलिस की वर्दी पहनने के



शौक और सेना की पृष्ठभूमि से पिता होने के कारण, निमिषा एक पुलिस अधिकारी बन गई थी। यह पूछे जाने पर कि उन्हें केबीसी 13 में भाग लेने के लिए किसने प्रेरित किया। उसने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि मेरी माँ ने मुझे भाग लेने के लिए कहा था। मैं कभी भी केबीसी के किसी भी एपिसोड को मिस नहीं करती थी और अन्य प्रतिभागियों से पूछे गए सवालों के जवाब देना पसंद करती थी। इसलिए, उन्होंने कहा कि तुम क्यों नहीं जाती और अपनी किस्मत आजमाती हो और इसलिए, मैंने यहां आने के बारे में सोचा। अपने ज्ञान और कौशल के साथ, उन्होंने ट्रिपल टेस्ट जीतकर हॉटसीट पर जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि मेरे पास इन सामान्य ज्ञान के प्रश्नों की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं था, लेकिन फिर भी मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और अपने खाली समय का उपयोग जानकारी हासिल करने के लिए अपने मोबाइल पर वीडियो देखने और पढ़ने में किया। निमिषा जीतने वाली राशि को अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं इस राशि को कहीं भी खर्च नहीं करने जा रही हूं और इसे अपने पोते–पोतियों को दे दूंगी।

# दीपक गुप्ता बने पुनः भाजयुमो के जिलाध्यक्ष

अवध की आवाज

कहोबा चौराहा गोंडा भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व द्वारा वर्तमान जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता को पुनः भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। दीपक गुप्ता के मनोयन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा शेष नारायण मिश्र,जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप सांसद गोण्डा कीर्तिवर्धन सिंह राजा भइया, सांसद कैसरगंज वृजभूषण शरण सिंह ,पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, पीयूष मिश्रा, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, अनुपम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजेश राय चंदानी, आशीष त्रिपाठी,जिला मंत्री दीपक अग्रवाल एवं कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री, मेंहनौन विधायक विनय द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक सदर प्रतीक भूषण, विधायक तरबगब प्रेम नारायण पांडेय, करनैलगंज विधायक अजय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कटरा भवानी भीख शुक्ल सहित भाजयुमो के पदाधिकारी व जिला उपाध्यक्ष विनीत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रवि चतुर्वेदी, छोटू शुक्ला, वीरेंद्र यादव,धर्मेंद्र सिंह, शिवा यादव, राघव तिवारी, विष्णु भगवान शुक्ल अम्बरीश मणि तिवारी,केकेश्रीवास्तव, क्षेत्रीय मंत्री अनसूचित मोर्चा जटाशंकर सहित अन्य भाजपा के नेताओ ने इनके पुनः मनोयन पर



हर्ष जाहिर किया है भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर ने बताया कि दीपक गुप्ता ने जिले में युवा मोर्चा नये कलेवर में लाया है अधिक समय से यह संगठन में कार्य कर रहे पिछले कार्यकाल में दीपक गुप्ता की युवाओ को पार्टी से जोड़ने की उनकी अच्छी भूमिका रही है जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि पार्टी के द्वारा पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा दी गई है जिसका निर्वाह मेरे द्वारा पूर्व की भांति पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ किया जाएगा। हमारी पार्टी का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास इसी इसी मूल मंत्र का पालन मेरे साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा।

# कुंभ मेले में फर्जी जांच घोटाले के मामले में उत्तराखंड के दो अधिकारी निलंबित

हरिद्वार, (वेब वार्ता)। उत्तराखंड में दो अधिकारियों को हरिद्वार के कुंभ मेले के दौरान फर्जी कोविड –19 जांच घोटाले में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर मेला अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डॉ. अर्जुन सिंह सेंगर और तत्कालीन प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डॉ. एन के त्यागी को बृहस्पतिवार रात निलंबित कर दिया गया।यह कार्रवाई फर्जी जांच घोटाले की छानबीन के लिए हरिद्वार के जिलाधिकारी द्वारा गठित एक समिति की सिफारिश के आधार पर की गई है।धामी ने कहा, ''किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घोटाले के संबंध में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।''जांच समिति ने पाया कि अधिकारियों ने हरिद्वार में कुंभ मेले के दौरान नकली रैपिड एंटीजन जांच करने में शामिल कंपनियों के साथ मिलीभगत की थी।समिति ने लापरवाही बरतने और राज्य को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की थी।हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने 16 अगस्त को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी।इस बीच, हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सेंथिल अवूदई कृष्ण राज एस को फर्जी परीक्षण घोटाले में शामिल कंपनियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

# सुरक्षित जननी – विकसित धरनी मातृ वंदना सप्ताह एक सितम्बर से

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जुड़ीं शिकायतों के निस्तारण व पंजीकरण पर रहेगा जोर

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल व उचित पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) चलायी जा रही है। इसके तहत तीन किश्तों में पांच हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। जिले में योजना के शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से एक सितम्बर से सात सितम्बर तक "सुरक्षित जननी – विकसित धरनी दृ मातृ वन्दना सप्ताह" मनाया जायेगा। इस सप्ताह को आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक गर्भवती को इस योजना के तहत पंजीकृत करना है। यह जानकारी पीएमएमवीवाई के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने दी।

नोडल अधिकारी ने बताया– इस सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। दूसरी और तीसरी किश्त को लेकर फॉर्म भरने में जो त्रुटियाँ हैं उनका निराकरण किया जाएगा। मेडिकल ऑफिसर द्वारा अप्रूव्ड फॉर्म का रूटीन में निस्तारण किया जायेगा।

पीएमएमवीवाई के जिला कार्यक्रम समन्वयक अवश शुक्ला ने बताया– इस योजना का आवेदन फॉर्म भरने के लिए आशा या एएनएम् से मदद ली जा सकती है या घर बैठे www.pmmvy.case.nic. in पर लॉग इन कर स्वयं आवेदन किया जा सकता है।

लाभार्थी को कोई दिक्कत आ रही है या उसे सहायता की जरूरत है तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पी.एम.एम.वी.वाई सेल (प्रथम तल) या नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या पीएमएमवीवाई के जिला समन्वयक अवश शुक्ला से उनके मोबाइल न. 8299463396 या स्टेट हेल्पलाइन नम्बर 7998799804 पर भी संपर्क कर सकती हैं।

**योजना के तहत तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रूपये :**

केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना एक जनवरी 2017 में शुरू की गयी इस। योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर पोषण के लिए पांच हजार रुपये तीन किश्तों में गर्भवती के खाते में दिए जाते हैं। पहली किश्त 1,000 रुपये की गर्भधारण के 150 दिनों के अंदर पंजीकरण कराने पर, दूसरी किश्त में 2,000 रुपये 180 दिनों के अन्दर व 2,000 रूपये की तीसरी किश्त प्रसव पश्चात तथा शिशु के प्रथम टीकाकरण चक्र के पूरा होने पर मिलते हैं।

# देश में कोविड–19 के 44,658 नए मामले

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। भारत में एक दिन में कोविड–19 के 44,658 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,26,03,188 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,44,899 हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 496 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,36,861 हो गई। देश में अभी 3,44,899 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.03 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.63 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए। देश में 19 दिसम्बर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

# दारोगा के मकान की छत से कूदा अपहृत बेटी का पिता, मौके पर मौत

मेरठ, (वेब वार्ता)। मेरठ जनपद के थाना पल्लवपुरम अंतर्गत एकता नगर में अगवा की गई एक बेटी के पिता ने एक दारोगा के मकान की छत से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक (सिटी) विनीत भटनागर ने घटना के बारे में बताया कि बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र से एक युवती कई दिन पूर्व लापता हुई थी। युवती के स्वजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मांमले की जांच–पड़ताल थाने में तैनात दारोगा सुनील कुमार मिठालिया कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दारोगा का घर मेरठ में पल्लवपुरम स्थित एकतानगर में है। पुलिस को युवती की लोकेशन बुलंदशहर में मिली थी। विवेचना कर रहे दारोगा सुनील कुमार के साथ युवती के पिता रामचंद्र और उनके एक रिश्तेदार बुधवार को बुलंदशहर आ गए थे लेकिन काफी तलाश के बावजूद युवती का पता नहीं लगा। बुलंदशहर पुलिस ने आश्वासन दिया कि खोजबीन कराई जाएगी और उनसे बश्हस्पतिवार को दोबारा आने को कहा था जिसके बाद दारोगा बरेली जाने के बजाय अपने घर मेरठ चले आए। उनके साथ युवती के 60 वर्षीय पिता रामचंद्र और दो अन्य व्यक्ति भी थे। एसपी ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए। 26 अगस्त को बश्हस्पतिवार तड़के करीब चार बजे युवती के पिता दारोगा के मकान की छत से कूद गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार को सौंप दिया। सुबह ही वे शव बरेली ले गए। पुलिस द्वारा इस घटना को कई घंटे तक मीडिया से छिपाने का प्रयास किया गया।

# फर्जी मुठभेड़ मामले में मुनव्वर राणा के बेटे को मिली जमानत

राय बरेली, (वेब वार्ता)। मशहूर शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज राणा को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने जमानत दे दी है। गुरुवार की देर रात वह जेल से रिहा हुआ। तबरेज राणा को 20,000 रुपये के दो मुचलके जमा करने पर जमानत दी गई। तबरेज राणा को बुधवार शाम को रायबरेली पुलिस ने लखनऊ से अपने चाचा और चचेरे भाई को फंसाने के लिए जून में खुद के खिलाफ गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। यह पूरी साजिश एक संपत्ति विवाद को देखते हुए की गई थी। उन्हें आईपीसी की धारा 211 और 120बी के तहत गिरफ्तार किया गया था और उसी दिन जेल भेज दिया गया था। जून में, तबरेज राणा ने लखनऊ–प्रयागराज राजमार्ग पर एक हत्या के प्रयास में बचने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि चार बाइकर्स ने उनकी एसयूवी पर गोली चलाई। उन्होंने रायबरेली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी और अपने चाचा और चचेरे भाई को आरोपी बनाया था। पुलिस के मुताबिक, तबरेज राणा को सीसीटीवी फुटेज में अपने कथित शूटरों के साथ देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के अलावा, जुलाई के पहले सप्ताह में गिरफ्तार किए गए चार बंदूकधारियों से पूछताछ में भी पुलिस को यह विश्वास हो गया था कि गोलीबारी को एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया था।

# सिगरेट के पैसे मांगने पर पड़ोसी ने चापड़ से महिला पर कर दिया जानलेवा हमला

कानपुर (वेब वार्ता)। चकेरी थाना क्षेत्र में सिगरेट के पैसे को लेकर विवाद हो गया। इस बात से गुस्साएं



पड़ोसी युवक ने दुकानदार युवती पर चापड़ से हमला कर दिया। सूचना मिलने के आठ मिनट के भीतर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को कांशीराम अस्पताल भेज दिया जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त की मां और पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला दो समुदायों के बीच होने से एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, चकेरी के जाजमऊ इलाके में स्थित संजय नगर मोहल्ले में महबूब खां ने पड़ोस में पान मसाला और सिगरेट की दुकान करने वाली रोशनी के यहां से बीती देर रात सिगरेट ले ली। सिगरेट पीने के बाद जब दुकानदार रोशनी ने पैसे मांगे तो महबूब ने देने से इंकार कर दिया। इस पर विवाद हुआ तो महबूब ने महिला रोशनी पर चापड़ से हमला कर दिया। इससे महिला के कान के पास गंभीर चोट आ गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दे दी। सूचना के आठ मिनट के अंदर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत के चलते हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के इलाज के बाद अब युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना में युवती के परिजनों की तहरीर पर शुक्रवार चकेरी थाना पुलिस ने तीन लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही अभियुक्त महबूब की आरोपित मां और पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर पुलिस दबिश दे रही है। एडीसीपी पूर्वी सोमेन्द्र मीणा ने बताया कि सिगरेट के पैसे मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसपर युवक ने हमला कर दिया। पुलिस ने मुकदमे में नामजद दो को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीम गठित करके दबिश दी जा रही है। बताते चलें कि, चकेरी में सिगरेट के पैसे मांगने का मामला दो समुदायों के बीच का है। एक समुदाय विशेष के मनबढ़े ने महिला पर चापड़ से हमला कर घायल कर दिया है। यह मामला कहीं ज्यादा तूल न पड़ जाए और दोनों समुदायों के बीच कोई बड़ा विवाद न खड़ा हो इसको देखते हुए इलाके पुलिस व पीएससी बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, जब मुख्य अभियुक्त की धरपकड़ के लिए दबिश दी तो दो विक्षिप्त महिलाएं भी अभियुक्त के घर पर मिली। यह तथ्य मामला सामने आने पर पुलिस ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि अभियुक्त दोनों पिछले एक साल से घर में रखे हुए था। उक्त दोनों विक्षिप्त महिलाओं को महिला थाना भेज दिया गया है। साथ ही अब इसको लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार, वित्तीय शेयरों में आई गिरावट

मुंबई, (वेब वार्ता)। भारतीय शेयर बाजार लाल रंग में खुलने के बाद शुक्रवार को सपाट–से–पॉजिटिव नोट पर कारोबार कर रहा है। वित्तीय शेयरों में बिकवाली का दबाव देखा गया, जबकि आईटी शेयरों में तेजी रही। सुबह करीब 10.50 बजे, सेंसेक्स 55,997.10 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले 55,949.10 के पिछले बंद से 48 अंक या 0.09 प्रतिशत अधिक है। यह 55,862.93 पर खुला और अब तक 56,003.77 के इंट्रा डे हाई और 55,675.87 के निचले स्तर को छू चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर निफ्टी 50 अपने पिछले बंद से 25.40 अंक या 0.15 प्रतिशत अधिक 16,662.30 पर कारोबार कर रहा था। दीन दयाल इन्वेस्टमेंट्स के तकनीकी विश्लेषक मनीष हाथीरमानी ने कहा, बाजार एक सुस्त नोट पर खुले हैं। सप्ताहांत भी दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। आने वाला सप्ताह हमें सूचकांक की दिशा पर एक स्पष्ट समझ देगा। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर रुझान पॉजिटिव है और लॉन्ग पोजीशन में प्रवेश करने के लिए चॉपी सेशन का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। बाजार के लिए मौजूदा समर्थन 16,400 पर है। सेंसेक्स में शीर्ष पर रहने वालों में लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज हैं, जबकि प्रमुख नुकसान उठाने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।